पुरातात्विक स्थल		जिला
कालीबंगा	–	हनुमानगढ़ (पूर्व में श्री गंगा नगर)
आहड़	–	उदयपुर
गणेश्वर	–	सीकर
बैराठ	–	जयपुर

87. असुमेलित जोड़े को छाँटिए-

	वर्तमान नाम	प्राचीन नाम
(a)	गंगानगर	यौद्धेय
(b)	उदयपुर	शिवि
(c)	जालौर	स्वर्णगिरि
(d)	भरतपुर	विराट

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (d) –

वर्तमान नाम		प्राचीन नाम
गंगानगर	-	यौद्धेय
उदयपुर	-	शिवि
जालौर	-	स्वर्णगिरि
भरतपुर	-	शूरसेन

88. अर्जुनायन जाति के प्रभाव क्षेत्र में सम्मिलित प्रान्त कौन से है?

(a) बीकानर -जैसलमेर प्रांत
(b) हाड़ौती प्रांत
(c) उदयपुर-प्रतापगढ़ प्रांत
(d) अलवर-भरतपुर प्रांत

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (d) – अर्जुनायन पंजाब या उत्तर-पूर्वी राजस्थान में स्थित एक प्राचीन गणतांत्रिक साम्राज्य था। इस साम्राज्य के अन्तर्गत अलवर-भरतपुर प्रांत आते थे। ये शुंग काल के समय में राजनैतिक शक्ति के रूप में उभरे थे।

89. निम्नलिखित में से किस स्थल से 'जाखबाबा' प्रतिमा प्राप्त हुई है?

(a) आभानेरी (b) किराडु
(c) नोह (d) बैराठ

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (c) – नोह भरतपुर में स्थित है। यहाँ से जाखबाबा की प्रतिमा मिला है। यहाँ से विशालकाय यक्ष प्रतिमा एवं कुषाण शासकों के सिक्के प्राप्त हुए है।

90. 'मांड' प्राचीन नाम था-

(a) प्रतापगढ़ का (b) जैसलमेर का
(c) करौली का (d) बूंदी का

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (b) – जैसलमेर का प्राचीन नाम मांड था। यह शहर अपने विविध रेगिस्तान सफारी अनुभव के लिए भी जाना जाता है। यह राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है।

(iii) राजस्थान के प्रमुख राजवंश तथा उनकी प्रशासनिक व राजस्व व्यवस्था

91. 'इजलास खास' का गठन किया था-

(a) महाराजा बन्ने सिंह ने
(b) महाराजा अजीत सिंह ने
(c) महाराणा सज्जन सिंह
(d) राणा भगवन्त सिंह ने

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : 'इजलास खास' का गठन उदयपुर के महाराणा सज्जन सिंह द्वारा किया गया। 'इजलास खास' में न्यायिक (दीवानी एवं फौजदारी) कार्य किये जाते थे। अपील की सर्वोच्च अदालत 'इजलास खास' थी। 1880 ई. में 'इजलास खास' के स्थान पर 'महद्राज सभा' की स्थापना की गयी। महद्राज सभा के दो विभाग बनाये गये - (1) इजलास कामिल (2) इजलास मामूली।

92. बीकानेर का पहला कौन सा राजा था जिसने अकबर की अधीनता स्वीकार की?

(a) लूणकरण (b) रायसिंह
(c) राव बीका (d) कल्याणमल

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (d) कल्याणमल बीकानेर का पहला राजा था जिसने 1570 ई. में अकबर के नागौर दरबार में उपस्थित होकर उसकी अधीनता स्वीकार की। उल्लेखनीय है कि राव बीका बीकानेर के संस्थापक थे जबकि लूणकरण बीकानेर के तीसरे राव थे इनका शासनकाल 1505 ई.-1526 ई. तक था।

93. समवर्षा रेखा जो राजस्थान को लगभग दो समान भागों में विभाजित करती है, वह है–

(a) 25 सेमी (b) 50 सेमी
(c) 75 सेमी (d) 100 सेमी

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : अरावली पहाड़ी के समानान्तर मौजूद 50 सेंटीमीटर आइसोहाइट (Isohyets) रेखा राजस्थान को दो भागों में विभाजित करती है। अरावली पहाड़ियाँ दुनिया की सबसे पुरानी पहाड़ियों में से एक हैं। अन्य पर्वत श्रेणियाँ तुलनात्मक रूप से नई हैं। एक निश्चित अन्तराल पर समान वर्षा वाले बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा, आइसोहाइट कहलाती है।

94. राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?

(a) जयनारायण व्यास (b) मोहनलाल सुखाड़िया
(c) हीरालाल शास्त्री (d) हरदेव जोशी

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (c) – राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री हीरा लाल शास्त्री थे। ये राजस्थान के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य थे। इनका कार्यकाल 7 अप्रैल 1949 से 5 जनवरी 1951 तक रहा।

95. राजस्थान में सम्भाव्य वाष्पीकरण-वाष्पोत्सर्जन की वार्षिक दर सर्वाधिक किस जिले में है?

(a) गंगानगर (b) कोटा
(c) डूंगरपुर (d) जैसलमेर

RPSC College Lecturer 31-10-2018